ब्रजभाषा : रीति-शास्त्र ग्रंथ-कोश

संपादक
जवाहरलाल चतुर्वेदी

शक १८८६ : सन् १९६५
हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

प्रकाशन वर्ष	शक १८८६ : सन् १९६५ ई०
संस्करण	प्रथम संस्करण : ११०० प्रतियाँ
मूल्य	[illegible] ५०
प्रकाशक	श्री [illegible] सिंह सचिव, प्रथम शासन-निकाय हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
मुद्रक	रामप्रताप त्रिपाठी, शास्त्री सम्मेलन मुद्रणालय, प्रयाग

प्रकाशकीय

श्री जवाहरलाल चतुर्वेदी ब्रजभाषा और उसके साहित्य के जाने-माने विद्वान् लेखक हैं। आपने ब्रजभाषा के रीति-शात्र के ग्रंथों के नामों का संकलन कर उनका सम्पादन किया है। यह आपके कई वर्षों के श्रम और धैर्य का सुफल है। आपकी इस साधना से ब्रजभाषा-साहित्य की कितनी ही लुप्तप्राय कड़ियाँ प्रकाश में आयी हैं।

रीति-शास्त्र भारतीय काव्य-शास्त्र का एक प्रमुख अंग है। ब्रजभाषा में न केवल सरस भक्ति की काव्य-धारा प्रवाहित हुई है, अपितु समय पाकर उसमें रीति-शास्त्र भी निर्मित हुए हैं, जिनका प्रभाव परवर्ती साहित्य के लिए प्रेरणा-दायक सिद्ध हुआ है।

हमें आशा है कि 'ब्रजभाषा : रीति-शास्त्र ग्रंथ-कोश' अपने विषय के जिज्ञासुओं और अनुसंधित्सुओं के लिए उपयोगी सन्दर्भ-ग्रंथ का काम देगा। सम्मेलन को, ऐसा ग्रंथ प्रकाशित करने पर प्रसन्नता है।

गोपालचन्द्र सिंह
सचिव, प्रथम शासन-निकाय
हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

समर्पण

जिनके प्रेम-सुगंध से सुरभित नाना-विधि से दिये गये आर्थिक अमृत
को पीकर यह 'ब्रजभाषा-साहित्य' की अमर-वेली
नित्य नयी खोज-रूपों में लहलहाई, उन्हीं
मान्यवर 'राजा तथा रानी साहिबा'
बंबई के कर-सरोजों में...

—संपादक

पुस्तक के संबंध में

राष्ट्रभाषा 'हिंदी' में भारत के कुछ और यूरोप के प्राय: समस्त पुस्तकालयों एवं संग्रहालयों में विभूषित 'संस्कृत' साहित्य की अजरामर हस्त-लिखित कृतियों का अंग्रेजी में लिखा और छपा—'कैटलॉग ऑफ कैटलॉग्रस'[1], अर्थात् 'सूचीपत्रों का सूचीपत्र' जैसी कोई रचना नहीं है, जिससे उसके—हिंदी के पुरा साहित्यिक अंगों की हस्त-लिखित सामग्री से जान-पहचान हो जाय...। फलत: उसका जिज्ञासु इधर-उधर भटकता फिरता है। उसे अपने अभीष्ट हस्त-लिखित तथा मुद्रित ग्रंथ की सूचना कि वह कहाँ-कहाँ मिलता है, किस-किस समय का है तथा वह मुद्रित कहाँ-कहाँ हुआ है, एक स्थान विशेष पर नहीं मिलती। यह राष्ट्रभाषा मानी जाने वाली भाषा के लिए खेद की बात है। गुजराती-भाषा में इस प्रकार की जानकारी देने वाला एक अल्प-प्राण ग्रंथ है—"गुजराती हाथ-प्रतोनी संकलित यादी", जो विद्वद्वर 'पं० केशवराम-काशीरामजी शास्त्री' की देख-रेख में 'अहमदाबाद' (गुजरात) की 'वर्नाक्यूलर सोसाइटी' से सं०—१९९५ वि० में प्रकाशित हुआ था। यह 'हाथ-लिखी' पुस्तकों का, उनकी प्राप्ति-स्थान विशेषों को बतलाने वाला छोटा-सा प्रथम प्रयास था, जो घर-बैठे कुछ 'मुद्रित-अमुद्रित'-ग्रंथ-सूचियों, जैसे—फार्बस गुजराती सभा, बंबई; डाही लक्ष्मीबाई पुस्तकालय, नडियाद (गुजरात); प्राच्य-विद्यामंदिर पुस्तकालय, बड़ौदा; भंडारकर इन्स्टीट्यूट पुस्तकालय, पूना (महाराष्ट्र); गुजराती-प्रेस, बंबई; अंबालाल बु० जानी तथा पुरुषोत्तम विश्राम मावजी के निजी पुस्तकालय, एम० टी० बी० आर्ट कालेज, सूरत और छगनलाल मोदी का संग्रह-इत्यादि को लेकर बटोरा गया था। अत: इसमें समूचे गुजरात-प्रांत में प्राप्य गुजराती की 'हाथ-लिखी' पुस्तकों की सूचना देने की बात तो दूर, जहाँ (अहमदाबाद) से वह प्रकाशित हुआ है, उस नगर के विविध विख्यात 'जैन-ग्रंथ भंडारों' में मिलने वाली संख्या से परे गुजराती की हाथ-लिखी प्रतियों का उल्लेख उसमें नहीं है। फिर भी वह शोभनीय है, क्योंकि

१. संपादक—आफ्रेट थियोडोर; प्रका०—ओरियंटल सोसायिटी, लिपिजिग (जर्मनी), सं०—१८९१ ई०।

वह एक छोटे-से दायरे का ही सही, गुजराती-भाषा की 'हाथ-प्रतियों'—हस्तलिखि प्रतियों—का उनके यत्र-तत्र मिलने के भ्रामक स्थान-विशेषों की सूचना देने वाला अस्तव्यस्त प्रकाशन है, जो भारतीय-भाषाओं में सर्वप्रथम होने के कारण नमन-योग्य ही कहा जा सकता है, इसमें कोई 'नू-नच' नहीं। इसके बाद कुछ समय हुआ—'मदरास-विश्वविद्यालय' से संस्कृत-अंग्रेजी के ख्यातनामा विद्वान् डा० वी० राघवन के तत्त्वावधान में 'मदरास-सरकार' के संपूर्ण व्यय पर पूर्व-लिखित 'कैटलॉग ऑफ कैटलॉग्रम' का परिवर्धित एवं संशोधित संस्करण 'न्यू कैटलॉग ऑफ कैटलॉग्रम'[1] नाम से घर-बैठे कुछ और भी भारतीय-ग्रंथागारों की खोज-खबर के साथ संपादित होकर प्रकाशन का कार्य प्रारंभ हुआ। उसका प्रथम खंड—'अ प्रकाशित भी हुआ, पर आजकल वह बंद-सा पड़ा है। आगे के हिस्से प्रकाश में' नहीं आ पाये हैं। जो खंड प्रकाशन में आया है, उसे भी पूर्ण नहीं कहा जा सकता; कारण, भारत के अनेक प्रसिद्ध नगरों के ग्रंथागारों में सुरक्षित संस्कृत के संख्यातीत हस्त-लिखित ग्रंथों का उसमें समावेश नहीं हो पाया है।

भारत में संस्कृत के हाथ-लिखे ग्रंथों की खोज का कार्य बहुत दिन पहले (स० १८६८ ई०) 'भारतीय अंग्रेजी-सरकार' की देखरेख में प्रारंभ हुआ था। परिणाम भी अच्छा रहा। बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, मदरास, मध्य-प्रदेश तथा पंजाब-आदि में, खोज होने पर जो भी संस्कृत के हाथ-लिखे ग्रंथ मिले, उन सबका वर्गी-कृत विवरण विविध भारतीय विद्वानों द्वारा संपादित कराकर तद् समय की सरकार ने उनके पूर्ण परिचय के साथ प्रकाशित किये। उस समय के कई उन्नतशील राज्यों ने, जिनमें 'गायकवाड़ सरकार' प्रधान है, इस प्रकार के सुंदर उपक्रम किये। कुछ भारत के विविध नगरों में सुशोभित पुस्तकालयों; जैसे—एशियाटिक सोसा-यिटी, कलकत्ता-बंबई; खुदाबख्श-लायब्रेरी, पटना (बिहार); भंडारकर इन्स्टी-ट्यूट, पूना—इत्यादि ने भी इस महान् कार्य में हाथ बटाया और अपने-अपने यहाँ की संस्कृत हस्त-लिखित पुस्तकों के सूचीपत्र प्रकाशित किये; अतः इन सब आद्यंत के सूचीपत्रों से संस्कृत के हस्त-लिखित ग्रंथों का अच्छा खासा परिचय मिल जाता है। हिंदी में भी 'उत्तर प्रदेश' की 'अंग्रेजी-सरकार' के सद्प्रयत्न से 'काशी' की स्वनामधन्य संस्था 'नागरी प्रचारिणी सभा' की देखरेख में स०—१९०० ई० से 'हिंदी पुरा-ब्रजभाषा-साहित्य' की हस्त-लिखित पुस्तकों की खोज का कार्य प्रारंभ हुआ, जो येनकेन आज भी मंथर गति से चल रहा है। उसके

---

१. संपादक—डा० वी० राघवन; प्रका०—मदरास-विश्वविद्यालय, स०-१९४९ ई०।

कितने-ही 'त्रैवार्षिक-विवरण' प्रकाश में आये हैं, पर जैसे भारतीय विविध प्रांतों की सरकारों ने अपने-अपने यहाँ प्राप्त 'संस्कृत-हस्त-लिखित ग्रंथों के खोज-विवरण' भारत के मान्य संस्कृत विद्वानों-द्वारा संपादित कराकर प्रकाशित किये, वैसे इन हिंदी-पुरा-साहित्य के विवरणों को नहीं कहा जा सकता...। उनमें अनेक, संख्या से परे, भद्दी भूलें हो गयी हैं। इन हिंदी-पुरा-साहित्य-खोज-विवरणों के मान्य संपादक विद्वान् थे—वे संस्कृत-अंग्रेजी साहित्य के विशेषज्ञ भी थे; पर जिस भाषा के ग्रंथ-रत्नों का इन 'खोज-विवरणों' में विवरण प्रस्तुत किया गया है, उसके—"कुल, जाति, रूप, गुण और शील-स्वभाव के ज्ञाता नहीं थे, दूर के रिस्तेदार बनने वाले थे; अतः हर प्रकार की भूलें होना स्वाभाविक था। कितने ही विवरणों की असंगत भूलें तो इतनी हास्यास्पद रूप में लिखी गयी हैं कि उन्हें देखकर रोना आता है, क्योंकि वे भूलें, हिंदी के विविध साहित्येतिहास-ग्रंथों में बार-बार दुहरायी जा रही हैं; अतः इस प्रकार अनेक अनभिज्ञ हाथों-द्वारा जोरी-बटोरी तथा संजोयी गयी हिंदी-पुरा-साहित्य की सामग्री को देखकर मन में कभी-कभी विचार करवटें लेने लगता था कि 'हिंदी के इस अस्तव्यस्त पुरा-साहित्य-सागर' का फिर से आलोडन कर उसे कुछ तथ्ययुक्त खोज-खबर के साथ विशेष-ग्रंथों के रूपों में तद्-तद् विषय के कोमल कगारों से उन्हें आबद्ध कर प्रवाहित किया जाय, तो उसके चाहनेवालों को उनके मनोवांछित विषयों की यत्र-तत्र बिखरी हस्त-लिखित तथा मुद्रित पुरा-साहित्यिक सामग्री की जानकारी उनके विविध मिलने वाले स्थानों के साथ मिल जाय, तो कैसा...? साथ-ही काल के गाल में नित्य-प्रति जाती हुई हिंदी की 'पुरा-साहित्यिक' कृतियाँ नाम-रूप में ही सही, सुरक्षित हो जायँ....। विचार चलता रहा—चलता रहा और समय दिन, मास तथा वर्षों में बिखर कर हँसता-बोलता रहा। अकस्मात् एक ऐसी घटना घटी कि इन पंक्तियों के लेखक को सारे अपने-पराये कार्य, जो भागवत-अनुसार—

"या दुस्त्यजं स्वजनमार्यं पंथ च०....।"

—भा०—१०।४७।६१,

थे, उनसे विमुख होकर संस्कृत-साहित्य के एक विशेष विषय को लेकर "संस्कृत, हिंदी, गुजराती-आदि भाषाओं" के हाथ-लिखे तथा मुद्रित ग्रंथों की खोज में निकलना पड़ा तथा संपूर्ण भारत के पूर्व से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण-दिशांतर्गत उसके सारे नगरों, एवं जहाँ तक हो सका उसके गाँवों और घरों में मिलने वाले तद्-विषयक ग्रंथ-रत्नों को जा-जाकर उलटना-पलटना पड़ा। अस्तु इस प्रयास में 'हिंदी पुरा-साहित्य' के भी अनेक संख्या से परे सुंदर-से-सुंदर ज्ञाता-ज्ञात कवियों के हस्त-लिखित तथा मुद्रित ग्रंथ-रत्न भी देखने में आये। उन सब की

सूची भी ग्रंथों में लिखे गये नाम और समय (संवत्) के साथ बटोरता गया। फिर अज्ञात समय में अपने-से बिछुड़े हुए यूरोप के ग्रंथागारों में प्रतिष्ठित हिंदी-पुरा-ग्रंथों के परिचय की ओर ध्यान गया, उन्हें भी तद्-तद् स्थानों के पुस्तकालयों की सूचियाँ प्राप्त कर पालता-पोषता गया, तद्-फल आपके सामने हैं। यह छोटा-सा प्रयास अभी चार वर्गों में विभक्त—"नायिका-भेद, नख-सिख, बारह-मासा तथा षट्-ऋतु-वर्णन" के प्राप्त हस्त-लिखित ग्रंथों की सूची, उनके विविध मिलने के स्थानों के साथ, फिर वे यदि कहीं से प्रकाशित हुए हैं, तो उसकी सूचना भी तद्-तद् ग्रंथों के साथ देते हुए एवं सहादत रूप में—जार्ज ग्रीयर्सन का इतिहास, शिवसिंह सरोज, नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी की खोज-रिपोर्ट एवं मिश्रबंधु-विनोद इत्यादि के साथ अन्य खोज-विवरणों के उल्लेखों को लेकर प्रस्तुत कर रहा हूँ—भूल-चूक लेनी-देनी। यदि हिंदी-जगत् को मेरा यह क्षुद्र-प्रयास जरा भी रुचिकर हुआ, तो इसके दूसरे-दूसरे अंग—छंद, अलंकार, शास्त्र, कोष, व्याकरण—के हस्त-लिखित ब्रजभाषा-ग्रंथों की सूचियाँ ही नहीं, उसके 'गद्य' और 'कला'-ग्रंथों की सूचियाँ भी, जो प्रस्तुत हो चुकी हैं, इसी सजधज के साथ प्रकाश में लाने का उपक्रम करूँगा।

एक बात और, वह यह कि आज बहुत दिनों के पाले-पोसे ये मन के मीत डायरी तथा नोट-बुकों की गोदों से उतरकर ग्रंथ-रूप में बन-ठनकर नये-नये साथियों के साथ हिल-मिलकर हँसते-बोलते खेलने चले हैं, यह हर्ष की बात है। डायरी तथा नोट बुकों की गोद में इन्होंने बड़े-बड़े दुःख उठाये हैं। वहाँ ये वर्षा के पानी-से भींगे, मूसों से कुतरे गये तथा दीमकों से बुरी तरह खाये तथा पचाये गये, अतः अंग-भंग होना स्वाभाविक था। फलतः किसी का रचयिता, किसी का रचना-काल (समय) तथा किसी का ठौर-ठिकाना (प्राप्ति-स्थान) बिछुड़ गया...। उनकी सही पहचान के लिये—जैसा पूर्व में निवेदन किया जा चुका है—"जार्ज ग्रियर्सन का इतिहास, शिवसिंह सरोज"—इत्यादि का पल्ला पकड़ना पड़ा, जिससे उनकी सही-सही पहचान का पता लग सके और शोध-कर्त्ताओं की भूख मिट जाय।

दूसरी बात, ग्रंथ-नामों में कहीं-कहीं सादृश्य के साथ-साथ उनका उल्लेखनीय प्रकरण-भंग भी (इस पुस्तक में) हो सकता है। लेखक इस दोष से मुक्त है, क्योंकि भारतीय भाषाओं में यह कार्य प्रथम है। यूरोप आदि के सूची-विशेषज्ञों से इस संबंध में परामर्श किया गया, तो आज्ञा मिली—"जो-जो ग्रंथ जिस-जिस नाम से उसके प्राप्ति-स्थानों में मिलें, उनका तद्तद् उल्लेख किया जाय, जिससे उनके पुनः पुनः सार-संभाल करने वाले को भ्रम में न पड़ना पड़े; अतः

"या दृशं पुस्तकं दृष्ट्वा ता दृशं लिखितं मया....।

—फिर, विविध स्थानों पर प्राप्त 'नाम-सोम्य' वाले ग्रंथों का एक-दूसरे से मिलान करने का कार्य भी एक कठिन समस्या ही है, क्योंकि एक नाम-साम्यवाला ग्रंथ पूर्व में मिलता है, तो दूसरा अति दूर पश्चिम में. . . । अतः दोनों मिलाये नहीं जा सकते। दोषारोपण अवश्य किया जा सकता है। इस अभद्रता के लिये लेखक क्षमा चाहता है।

एक तीसरी बात भी, ब्रजभाषा के हीरे जैसे उजले 'नायिका-भेद' विषयक विविध आगे-पीछे की रचना-विशेषों को यथास्थान बैठांने का उपक्रम करते हुए संग्रह-कर्ताओं तथा उनके सहारे डाक्टरेट प्राप्त करने के लिये 'डी० फिल्०' या 'डी० लिट्०' उपाधि प्राप्त करने के लिये उद्यत निबंध-लेखकों ने अथवा तत्संबंधी कोई नया ग्रंथ-रचनेवाले विद्वद्जन ने अपनी-अपनी मान्य कृतियों में ब्रजभाषा, विशेषकर उसके नायिका-भेद संबंधी साहित्य-श्रेष्ठ की रचनाओं के प्रति जो उनके 'रूप-रंग' एवं सहज सुंदर भाषा-सौष्ठव को बिगाड़ने की विकृतियाँ, जैसे—"किसी कवि-कृत नायिका के मान्य उदाहरण को उसके विपरीत दूसरी नायिका-वर्णन के उदाहरण प्रस्तुत करना, नायिका-भेद-विभूषित उसके मोटे-मोटे भेद—'धीरा-खंडिता' तथा 'वचन विदग्धा' और 'स्वयं दूतिका'—इत्यादि को न समझ उनका एकत्रीकरण करना, स्पष्टीकरण के बहाने उद्धृत छंद के साथ अपने भावहीन अभिलेखों को नत्थी करना, जन्म-जात मधुर भाषा के स्वाभाविक स्वरूप का नाना विधि से संस्कृतज्ञ बनाते हुए उसे सौंदर्यहीन करना और तल्लिखित भाषा के स्व-मुखों से दूर-पास के नये नातेदार बनना इत्यादि अनेक उपहास किये गये हैं, वह सब भी उल्लेखनीय था, क्योंकि इन नये नातेदार बनने वालों तथा समझ-दारों से ब्रजभाषा-साहित्य को काफी हानि पहुँची है, उसका मधुर स्वभाव बिगड़ा है, उसके यशः स्वरूप शब्द-यष्टि का गठन तथा भाव बिगड़े हैं एवं उसका नाना-विध अलंकृत आंतरिक नष्ट-भ्रष्ट हुआ है, जिसे देख-सुनकर विचार हुआ कि इन सब मसलों पर कुछ प्रकाश डाला जाय तथा ऊपर लिखे नायिका-भेद के इन मिले-जुले भेदों को यथावत रूप प्रस्तुत करते हुए कुछ कहा-सुना जाय, पर वह सब—

"बित्तेभर के मियाँ, नौ बित्ते की दाढ़ी।"

जैसी बात बनते देख "कागद थोरौ, हित घनो"—जैसी लोकोक्ति का सहारा ले, कम-से-कम इस समय उस सब से नाता नहीं जोड़ रहा हूँ—उसको दूर-से ही नमस्कार कर रहा हूँ, वह सब बा-मौक़ा फिर कभी. . . . ।

मथुरा
देवोत्थान एकादशी
सं० २०२१ वि०

विनीत :
जवाहरलाल चतुर्वेदी

अनुक्रम

संकेत

अ० भा=अखिल-भारतीय।

अ० भा० ब्र० सा०=अखिल भारतीय ब्रज-साहित्य-मंडल।

ई०=ईस्वी।

उना०=उपनाम।

उपना०=उपनाम।

उप्र०=उत्तर प्रदेश।

कुँ०=कुँवर।

जसं०=जन्म संवत्।

जस०=जन्म सन्।

जा० ग्री०=जार्ज ग्रीयर्सन।

ठा०=ठाकुर।

डा०=डाक्टर।

द० भा०=दक्षिण-भारत।

दे०=देखिये।

ना० प्र०=नागरी प्रचारिणी सभा।

ना० प्र० स०=नागरी प्रचारिणी सभा।

पं०=पंडित।

पुं० सं०=पुस्तक संख्या।

पु० सं०=पुस्तक-संवत्।

पुं० स०=पुस्तक-रचना सन्।

प० स०=पुस्तक-मुद्रण सन्।

पो०=पोष्ट।

पृ ०=पृष्ठ।

प्र०=प्रकाशक।

प्र० का०=प्रकाशित काल।

प्रति सं०=प्रति संख्या।

प्राप्र०=प्राप्त-प्रति।

प्राप्तस्था०=प्राप्त स्थान।

प्रास्था०=प्राप्त स्थान।

प्राहलिरि०=प्राचीन हस्त लिखित खोज रिपोर्ट।

प्रा० ह० पो०=प्राचीन हस्त-लिखित-पोथी।

बंसं०=बंध-संख्या।

बा०=बाबू।

म० प्र०=मध्य-प्रदेश।

म० भा०=मध्य-भारत।

मि० बं० वि०=मिश्र बंधु-विनोद।

मु०=मुद्रक।

मूना०=मूल नाम।

रच०=रचयिता।

रचसं०=रचना-संवत्।

रचस०=रचना-सन्।

रा० खो० रि०=राजस्थान; खोज-रिपोर्ट।

रा० पू०=राजपूताना।

ला०=लाला।

लिका०=लिपिकाल।

लिसं०=लिपि संवत्।

वि०=विक्रमी।

शिस०=शिवसिंह-सरोज।

सं०=संपादक।

सं०=संवत्।

संक०=संकलयिता।

स०=सन्।

हिं०इ०=हिंदी इतिहास।

हिं० सा०=हिंदी साहित्य।

हिं० सा० सं०=हिंदी-साहित्य सम्मेलन।

हिं० सा० का इति०=हिंदी-साहित्य का इतिहास।

हिं० सा० का वृ० इ०=हिंदी साहित्य का वहृद इतिहास।

नायिका-भेद

नायिका-भेद

नायिका-भेद: प्रकृति, अवस्था और स्थिति के अनुसार 'स्त्रियों' के वर्णन को कहते हैं। वय के उतार-चढ़ाव के साथ प्रेम की अवस्था में उनकी विभिन्न-दशाओं को अंकित करने के बाद प्रिय के मिलन और विछोह तथा आगमन या प्रतीक्षा के, प्रेम की प्रतिकूलता में अथवा काम के जाग्रत होने पर लज्जा और संकोच के द्वंद में, सपत्नी-प्रति ईर्षा के भावों में स्त्री-मन की क्या-क्या दशाएँ होती हैं, वह वर्णन—"नायिका-भेद"। यथा :

१. **प्रकृति-अनुसार**—"उत्तमा, मध्यमा, अधमा।"

२. **धर्मानुसार**—"१. स्वकीया (ज्येष्ठा-कनिष्ठा)।" २. परकीया—"ऊढ़ा (परोढ़ा), अनूढ़ा (उद्‌बोधिका)।" ३. गुप्ता—"भूत, भविष्यत्, वर्तमान।" ४. "विदग्धा—वचन और क्रिया।" ५. लक्षिता। ६. कुलटा। ७. अनुशयाना—"संकेत-विघट्टना, भाविसंकेतविनष्टा, रमण-गमना।" ८. मुदिता। ९. स्वयं दूतिका। १०. सामान्या।

३. **वय-अनुसार**—"१. मुग्धा (ज्ञात-अज्ञात यौवना, नवोढ़ा, विश्रब्ध-नवोढ़ा)।" २. मध्या। ३. प्रौढ़ा (मान-भेदानुसार—"मध्या और प्रौढ़ा के "धीरा, अधीरा, धीराधारा", क्रिया-भेदानुसार—"रति-प्रीता, आनंद-संमोहिता", स्वभावानुसार—"अन्य संभोग-दु:खिता, वक्रोक्ति-गर्विता, मानवती", गर्विता—"रूप और प्रेम से)।"

४. **अवस्थानुसार**—१. "प्रोषितपतिका, २. खंडिता, ३. कलहांतरिता, ४. विप्रलब्धा, ५. उत्कंठिता, ६. वासकसज्जा, ७. स्वाधीनपतिका, ८. अभिसारिका (कृष्णा, शुक्ला, दिवा), ९. प्रवत्स्यत्पतिका, १०. आगत्पतिका।"

५. **जाति-अनुसार**—"१. पद्मिनी, २. चित्रणी, ३. शंखनी, ४. हस्तिनी।"

६. **लोक-भेदानुसार**—"१. दिव्य, २. अदिव्य, ३. दिव्यादिव्य वा दिव्याति-दिव्य।"

७. **भरत: मतानुसार**—"१. देवी, २. देविरीध, ३. गांधर्वी, ४. मानुषी, ५. शुद्ध मानुषी, ६. गौरी, ७. लक्ष्मी, ८. सरस्वती, ९. कन्या, १०. वाला, ११. तरुणी, १२. प्रौढ़ा इत्यादि।"

नायिका-भेद (संबंधी) ग्रंथ

अकबर : शृंगार-दर्पण, रच०—अज्ञात। प्रा० स्था०—रत्नाकर : संग्रह, ना०-प्र० सभा, काशी।

अजब-मंजरी, रच०—बा० गोपालसिंह, रच० सं०—१९०१ वि०।[1]

अटक-पचीसी, रच०—देवदत्त कवि, रच० सं०—१८०९ वि०।[2]

अनंतानंद, रच०—अनंत या आनंद कवि, रच० सं०—१६९२ वि०।

अनन्य-शृंगार, रच०—चंद्र कवि, रच० सं०—१९४० वि०।[3]

अनुराग-बाग, रच०—दीनदयाल गिरि, रच०सं०—१८८८ वि०। प्रा०स्था०—पं० गंगासागर त्रिवेदी, सफ़दरगंज, बाराबंकी। राज्य-पुस्तकालय भिनगा, बहराइच।[4]

अनुराग-बाटिका, रच०—कवि कर्ण, रच० सं०—अज्ञात।[5]

अनुराग-मंजरी, रच०—बेनीप्रसाद तिवारी।

अनुराग-लतिका, रच०—शिवराज मिश्र।[6]

अनुराग-लतिका, रच०—बा० श्यामलाल।[6]

१. मि० बं० वि०—३, पृ० १०९०।

२. मि० बं० वि०—२, पृ० ७१८।—मिश्रबंधुओं ने यहाँ इसका रचयिता "देवीदत्त" लिखा है।

३. मि० बं० वि०—३, पृ० १३११। आपका 'चंद्र-प्रकाश' नाम का ग्रंथ भी देखने में आया था।

४. खोज रिपोर्टः ना० प्र० स० काशी, स०—१९२३ ई० पृ० ५१०। यह पुस्तक पृथक् तथा आपकी अन्य कृति 'अन्योक्ति-कल्पद्रुम' के 'साथ लायट प्रेस' बनारस स०-१८९४ ई० और 'भारत जीवन प्रेस' काशी से स०-१८८२ ई० में छप चुकी है।

५. यह पुस्तक सं०-१९१३ ई० में 'विनोद प्रेस अलीगढ़' से प्रकाशित हुई है।

६-६. ये दोनों पुस्तकें नवलकिशोर प्रेस लखनऊ से स०-१८८५ तथा १८८७ ई० में प्रकाशित हुई हैं।

अनूप-रसाल, रच०—खतरगच्छी जैन उदयचंद, रच० सं०—१७२८ वि०। तीन स्तवकों में—"नायिका-भेद, नायक-भेद और अलंकारों का वर्णन।"

अनूप-शृंगार, रच०—अभयराम सनाढ्य, रच० सं०—१७५४ वि०, जैसे : "संवत् सतरह चोपना-ग्रथ-जनम जग-जाँनि"। रसों के साथ नायिका-भेद वर्णन।

अमर-प्रकाश, रच०—खुमान कवि, रच० सं०—१८३६ वि०।[1]

अमर-मंजरी, रच०—जयदेव कवि, रच० सं०—अज्ञात। स्त्रियों (नायिकाओं) के जाति-भेद तथा नवरस वर्णन। प्रा० स्था०—त्रिगृही : वंशीधर भट्ट, गोकुल।[2]

अमरेश-विलाश, रच०—नीलकंठ, मूना०—जटाशंकर त्रिपाठी, रच० सं०—१६९८ वि०।[3] संस्कृत—"अमरु-शतक" का अनुवाद।

अर्जुन-विलाश, रच०—फतुहावासी मदनगोपाल शुक्ल, रच० सं०—१८७६ वि०।[4]

अलस-मेदिनी, रच०—नंदराम कवि, रच० सं०—१७२६ या ५७ वि०। नायिका-भेद तथा रसों का वर्णन। प्रा० स्था०—अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर, कोट।[5]

असक-विनोद, रच०—बाँदा-निवासी स्कंदगिरि, रच० सं०—१९१६ वि०।[6]

अष्टकाल, रच०—मंजरीदास, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—पं० दोपचंद, नोनेरा, भरतपुर। संभवतः रचयिता—गुन मंजरीदास, जो रूप सनातन गोस्वामी कृत—"अष्टकाल" के टीकाकार हैं।

अष्टयाम, रच०—प्रसिद्ध कवि 'देव', रच० सं०—१७४६ वि०। नायिका-नायक के अष्टयाम, अर्थात् दिन-रात्रि की चौंसठ घड़ियों के विविध विलासों का

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ८६६।
२. इसका नाम—'अमृत-मंजरी' भी मिलता है। खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी, स०—१९१२ ई०, पृ० ११२।
३. मि० बं० वि०—२, पृ० ४१६।
४. मि० बं० वि०—३, पृ० १०८७।
यह ग्रंथ बलरामपुर के लोथो प्रेस—"जगबहादुरी यंत्रालय" में सं०—१९१८ वि० में छप चुका है। मदन गुपाल जी का—'नखसिख' ग्रंथ भी सुनने में आता है।
५. खोज रिपोर्ट : राजस्थान २, पृ० १५२।
६. मि० बं० वि०—३, पृ० ११४६।

क्रम-बद्ध वर्णन। प्रा०स्था०—"याज्ञिक-संग्रहालय : ना० प्र० स० काशी, पाँच प्रतियाँ, जिनमें एक प्रति सं०—१८९९ वि० की।[1] २. पं० रेवती शर्मा, कन्हौवा-कोटकी, आगरा। ३. मन्नूलाल लाइब्रेरी (पुस्तकालय) गया, दो प्रतियाँ, पु० सं०—'क' ७-८। अंतिम प्रति सं०—१८९२ वि० की। ४. पं० रामाज्ञा शर्मा, बड़ागाँव, आगरा। ५. पं० छोटेलाल शर्मा बाह, आगरा। सं०—१८८४ वि० की। ६. पं० अयोध्याप्रसाद डिप्टी इन्स्पेक्टर, बीकानेर : राजस्थान। ७. बा० अंबिकाप्रसाद वाजपेयी, गणेशगंज, लखनऊ। ८. पं० श्यामविहारी मिश्र, गोलागंज, लखनऊ। ९. पं० बद्रीनाथ भट्ट, लखनऊ।[2] १०. ठा० चंद्रिका बख्श सिंह, वड़ागाँव, लखनऊ। ११. सरस्वती-भंडार, उदयपुर (मेवाड़), दो प्रतियाँ, पु० सं० ६० तथा २२१। सं०—१८१६ तथा १८८८ वि० की। १२, पं० रामाधीन मिश्र, नवाबाद, प्रतापगढ़, अवध। सं०—१९१३ वि० की। १३. नवनीत कवि-पुस्तकालय, मथुरा, बंसं०—४४, पु० सं०—१५। बंसं०—५३, पु० सं०—१७।

अष्टयाम-प्रकाश, रच०—गोकुल कायस्थ, रच० सं०—१९२१ वि०। प्रा० स्था० —रामसिंह, ठाकुर, मकरंदा, बहराइच।[3]

अष्टयाम, रच०—अग्रअली, रच० सं०—१९३० वि० की प्राप्त प्रति।

आ

आठ सात्विक भाव, रच०—सुखसखी, रच० सं०—१८५१ वि०। आठ-सात्विक : स्तंभ, स्वेद, रोमांच, स्वरभंग, कंप, वैवर्ण्य, अश्रु, प्रलय इत्यादि। आत्मा में अंतर्भूत रस को प्रगट करनेवाले अंतःकरण के विशेष धर्म-सत्त्व से उत्पन्न अंग-विकार। कोई-कोई 'रस-शास्त्रज्ञ' इन्हें 'अनुभाव' भी कहते हैं। आचार्य

१. खोज रिपोर्ट, ना० प्र० स० काशी, स०—१९२३-२५, ४३ ई०, पृ० ४३९।

२. खोज रिपोर्ट, ना० प्र० स० काशी, स०—१९२९-१९३१ ई०, पृ० २१९-२२०। सं०—८० ए०, बी०, सी०, डी०।

३. खोज रिपोर्ट, ना० प्र० स० काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० ५७-७१। कवि ने पुस्तक में बलरामपुर-नरेश महाराज दिग्विजय सिंह के आठों यामों का आठयाम (खंड) में वर्णन किया है। अतः इसके पंचम याम में : 'उपखान, फारसी के कवित्त, काव्य के दश अंग, लक्षणा-व्यंजना, ध्वनि, रस, नायिका-नायक-भेद, चित्र-काव्य, अंतर्लापिका, बहिर्लापिका तथा अनुप्रास' का सुंदर वर्णन किया है।

'हेमचंद्र' ने सत्त्व का अर्थ 'प्राण' मानकर इनकी व्याख्या करते हुए कहा है—"स्थायी भाव-ही प्राण-तक पहुँचकर सात्त्विक-रूप धारण कर लेते हैं। अत: प्राण में पृथ्वी-तत्व का भाव प्रधान होने पर 'स्तंभ', जल-प्रधान होने पर 'अश्रु', तेज-प्रधान होने पर 'स्वेद', तेज के तीव्रता-शून्य होने पर 'वैवर्ण्य', आकाश-तत्त्व के प्रधान होने पर 'प्रलय', वायु के मंद होने पर 'रोमांच', वायु के मंद होने पर 'कंप' तथा वायु के उत्कृष्ट आवेश से 'स्वरभंग' होता है। संस्कृत में 'भानुदत्त' की रस-तरंगणी के अनुसार इनका एक नया भेद "जृंभा" नाम का भी मिलता है। इसे हिंदी (ब्रजभाषा) वालों ने भी अपनाया है। वहाँ इसे "आलस्य" से उत्पन्न माना गया है। पद्माकर ने आलस्य के अतिरिक्त इसके दो कारण और दिये हैं, जैसे—"पिय-बिछोह, संमोह कै, आलस-ही अवगाहि" (जगद्विनोद)-इत्यादि। प्रा० स्था०—ला० कन्नोमल, लोई बाजार, वृंदावन, मथुरा।[1]

आनंद-रस, रच०—लाल बंदीजन : काशी, रच० सं०—१८४७ वि०।[2]

आनंद-रस, रच०—दयानाथ दुबे, रच० सं०—१८८९ वि०।

आनंद-रस, रच०—रामप्रसाद कवि, रच० सं०—१८७७ वि०। प्रा० स्था०—मन्नूलाल पुस्तकालय, गया विहार, पु० सं०—'क' : ९। रस और नायिका-भेद का सरस वर्णन।[3]

आलंबन-विभाव, रच०—सुकवि बैजनाथ, रच० सं०—१७३४ वि०। प्रा० स्था०—मन्नूलाल पुस्तकालय, गया, विहार। पु० सं०—'क' १०। संस्कृत—"साहित्य-दर्पण" के अनुसार आलंबन-विभाव—'जिनके सहारे रस उत्पन्न हो' उसे कहते हैं। अर्थात् जिस व्यक्ति तथा वस्तु के कारण अन्य व्यक्ति में कोई भाव जाग्रत हो तो उस व्यक्ति वा वस्तु को, उस भाव वा जनित भाव को 'आलंबन-विभाव' कहते हैं। वास्तव में 'आलवन' विभाव ही रस की उर्वर भूमि है। इसके विना काव्य तथा उसका आस्वाद दोनों फीके लगते हैं। जहाँ आलंवन स्पष्ट नहीं हो पाता, वहाँ प्रसंगानुसार उसका आरोप कर लिया जाता है। वह दो रूपों में होता है। कभी तो वह पात्र-विशेष के भावों को बढ़ावा देता है और कभी कवि-भावों को। भिन्न-भिन्न आलंबनों का एक

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ८३५।
२. हिं० इ०—जार्ज, पृ० २४४। मि० बं० वि०—२, पृ० ८१२।
३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी स०—१९२६—२८ ई०, पृ० ५६७। यहाँ इस पुस्तक का "आनंद-रस-कल्पद्रुम" नाम भी मिलता है।

भाव में अंतर भी उतर सकता है, जैसे भागवत के एक श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण को कंस की रंगशाला में भाई बल्देव के साथ उतरते हुए अनेक लोगों ने अनेक प्रकार से देखा था। मल्लों ने उन्हें महाबली मल्ल के रूप में देखा, साधारण जनों ने उन्हें आदर्श पुरुष-रूप में देखा, स्त्रियों ने उन्हें सशरीर काम-रूप में देखा, गोपों ने उन्हें अपने बंधु-रूप में देखा, अत्याचारी राजाओं ने उन्हें दंड देने में समर्थ शासक-रूप में देखा, नंदादि वृद्धजनों ने उन्हें अपने बालक-रूप में देखा, कंस ने उन्हें अपने काल-रूप में देखा, देह में आत्म-बुद्धि रखने वाले अज्ञानियों ने उन्हें साधारण-जन-रूप में देखा, योगियों ने उन्हें 'परब्रह्म'-रूप में देखा तथा भक्तों ने उन्हें अपने आराध्य-देव के रूप में देखा—इत्यादि. . . ।

विविध रसों के विचार से यह 'आलंबन' भी विविध हो जाता है। काव्य-शास्त्र में उनके रूप, आकार, प्रकार और भेद का विस्तृत वर्णन किया गया है । जैसे श्रृंगार-रस के आलंबन—मधुर, सुकुमार, रूप-यौवन-संपन्न रमणी तथा पुरुष। इन्हें वहाँ 'नायिका-नायक' कहा गया है। इनके स्वभाव, आयु और कार्यादि के अनुसार अनेक भेद बनते हैं। विकृत-आकार तथा दूसरे की चेष्टाओं का व्यंग्यात्मक अनुकरण करनेवाले 'हास्य-रस' के आलंबन माने गये हैं। त्यागी, सत्य-संपन्न, शूरवीर और विक्रमशील व्यक्ति-विशेष 'वीर-रस' का आलंबन कहा गया है। इसी प्रकार विचित्र आकार-प्रकार और प्रकृति वाले 'अद्भुत'-रस के, बहु बाहु, बहु मुख, भीम-दंष्ट्र, क्रूर और उद्धत एवं शठादि 'रौद्र-रस' के, कृश, विषण्ण, मलिन, रोगी, दुखी, दारिद्र से युक्त 'करुण-रस' के एवं निंदित आकृति वाले, वेश वाले, कर्म वाले, रोगी, पिशाचादि 'बीभत्स-रस' के आलंबन कहे गये हैं—इत्यादि. . . ।

आलम-केलि, रच०—कविवर आलम और उनकी स्त्री शेख, रच० सं०—१७०० वि० के आस-पास। प्रा० स्था०—बद्रीनाथ भट्ट, यूनिवर्सिटी, लखनऊ। दो प्रतियाँ।[१]

आलीजाँह-प्रकाश, रच०—पद्माकर भट्ट (प्रसिद्ध), रच० सं०—१८३८ वि०। प्रा० स्था०—याज्ञिक-संग्रहालय : ना० प्र० स०, काशी।

१. यह पुस्तक 'ला० भगवानदीन' जी द्वारा संपादित होकर 'आदर्श प्रेस' काशी से सं० १९७९ वि० में प्रकाशित हो चुकी है। श्री भट्ट जी के यहाँ प्राप्त इन दोनों पुस्तकों का नाम—"आलम कवि के कवित्त" रूप में मिलता है।

इ

इश्क़ दर्याव, रच०—रसरासि। प्रा० स्था०—सरस्वती भंडार, काशी : संस्कृत-विश्वविद्यालय। पु० सं०—४६४,२६।

इश्क़नामा, रच०—कवि बोधा, रच० सं०—१८०४ वि०।

इश्क़ महोत्सव, रच०—रघुनाथ, अरसेला बंदजन (काशी), रच० सं०—१८०२ वि०।

इश्क़लता, रच०—सवाई महाराज प्रतापसिंह साहि, जयपुर (राजस्थान), उना०—'ब्रजनिधि', रच० सं०—१८३८ वि०।

उ

उक्ति जुक्ति-रस-कौमुदी, रच०—गो० कृष्णचैतन्य, रच० सं०—अज्ञात, प्रा०-स्था०—नागरी प्रचारिणी-सभा काशी—अपूर्ण प्रति।[1] बा० ब्रजरत्नदास, बुलानाला, काशी।

उड़दाम-प्रकाश, रच०—कवि उड़िदाम चौबे : मथुरा-निवासी, रच० सं०—१६४७ वि०। प्रा० स्था०—कवि नवनीत चौबे, गोलपाड़ा-मथुरा।[2] शृंगार-रस के छंदों का बिना किसी अनुक्रम के संग्रह।

उदाहरण-मंजरी, रच०—लल्लूभाई भृगुपुर (भड़ोच : गुजरात) निवासी। प्रा० स्था०—दयाराम-संग्रहालय, अहमदाबाद। गद्य-पद्य में नायिका-भेद तथा अलंकारों का वर्णन। रच० सं०—१८३३ वि०।

उमराव-प्रकाश, रच०—सुवंश मिश्र, रच० सं०—१८६२ वि०।

उपालंभ : शतक, रच०—रसरूप, रच० सं०—१७८८ वि०।

क

कंदर्प-कल्लोल, रच०—अज्ञात।[3]

कनक-मंजरी, रच०—काशीराम, रच० सं०—१७४० वि०।[4]

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी स० १९१७-१८-१९ ई०, पृ० ३९७ तथा मि० बं० वि०—३, पृ० ११११।

२. मि० बं० वि०—२, पृ० ८५९।

३. यह पुस्तक अहमदाबाद : गुजरात के सेठ छगन भाई के यहाँ देखने में आयी थी—पुस्तक शृंगार-रस के फुटकल कवित्तों की बिना किसी अनुक्रम के है।

४. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स० काशी, स० १९०३ ई०।

कन्हैया-रत्न-मंजरी, रच०—कन्हैया बक्शपाल, रच० सं०—अज्ञात। प्रा०-स्था०—रामनाथ पाँडे, कुरही, प्रतापगढ़ (अवध) खंडित प्रति। ग्यारह-तरंगों में नायिका-नायक-भेद, विभाव, नायक-सखा, उद्दीपन-विभाव, नायिका-सखी, उनके कार्य, दूती-भेद, उनके कार्य, अनुभाव, हाव इत्यादि का वर्णन।[1]

कमरुद्दीन खाँ-हुलास, रच०—गंजन कवि, रच० सं०—१७८५ वि०। प्राप्त-पुस्तक सं०—१९४६ वि० की। प्रा० स्था०—हिंदी-साहित्य-संमेलन, इंदौर, मध्यभारत। २. पं० कृष्णविहारी मिश्र, सिधौली, सीतापुर, अवध। मुहम्मद-शाह बादशाह के उदार वजीर 'कमरुद्दीन खाँ की प्रशंसा के साथ—नायिका-भेद, भाव-अनुभाव, सखी, दूती-इत्यादि का वर्णन।[2]

कमल-प्रकाश, रच०—कमलनैन, उप-नाम—'रससिंधु', रच० सं—१८१० वि०।[3]

कमलानंद-कल्पतरु, रच०—कवि लच्छीराम, रच० सं०—१९४० वि०।[4]

कर्ण-जत्त-मणि, रच०—उद्धव कवि (औघड़) लख्तर : काठियाबाड (सौराष्ट्र) निवासी, रच० सं०—१९२५ वि०।[5]

कल्लोल-तरंगिणी, रच०—चंदन : चंदनराय, शाहजहाँपुर, रच० सं०—१८३० या १८४५ वि०।

कवि-कल्पद्रुम, रच०—रामदास, रच० स०—अज्ञात। प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय, टीकमगढ़ : मध्य-भारत।

कवि-कुल-कल्पतरु, रच०—चिन्तामणि त्रिपाठी, टिकमापुर (प्रसिद्ध), रच० सं०—१७५१ वि०।[1] प्रा० स्था०—ठा० गणेशसिंह, कठोला : बहराइच। २. महाराज राजेंद्र बहादुरसिंह : बहराइच। ३. पं० रामाधीन, गंगादीन का पुरबा : बहराइच। ४. ठा० नौनिहालसिंह, काँथा : उन्नाव। रस, ध्वनि, अलंकारादि का वर्णन।

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स० १९२६-२७ ई०, पृ० ३५५।
२. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स० १९१७-१९ ई०, पृ०—१६० तथा स० १९२६-२८ ई०, पृ० २५६।
३. मि० बं० वि० २, पृ०—७०६।
४. मि० बं० वि० ३, पृ०—११३४।
५. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० ४०१। इस पुस्तक में रस-प्रकरण, अर्थात् नायिका-भेद का अधिक वर्णन होने से यहाँ उल्लेख किया गया है। साथ ही यह नवलकिशोर प्रेस (लीथो) लखनऊ से स०—१८७५ ई० में छप चुकी है।

कवि-कुल-तिलक-प्रकाश, रच०—कवि महीपति, उपनाम—महीप, अमेठी-(अवध) के राजा, रच० सं०—१७६६ वि०। नायिका-भेद, रस और अलंकारों का वर्णन। प्रा० स्था०—अमेठी-राज्य पुस्तकालय: अमेठी-अवध।

कविता-रस-विनोद, रच०—जनराज वैश्य, जयपुर : राजस्थान-निवासी, रच० सं०—१८३३ वि०। प्रा० स्था०—याज्ञिक-संग्रहालय, अलीगढ़, सं०–१९०९ की प्रति (खंडित)। २. जवाहरलाल चतुर्वेदी, कूबागली मथुरा। शास्त्रीय-रस, ध्वनि, अलंकार और व्यंजनादि वर्णन के साथ नायिका-भेद वर्णन।[1]

कवित्त-रत्न-मालिका, रच०—रामनारायण, उपनाम—"रसराज", रच० सं०—१८२७ वि०।

कवित्त-रत्नाकर, रच०—मातादीन मिश्र, रच० सं—१९३३ वि०।[2]

कवित्त-रत्नाकर, रच०—राजा रणवीरसिंह: सिरमौर, रच० सं०—१९३४ वि०।

कवित्त-रसिकराय, रच०—'रसिकराय', (संग्रह-ग्रंथ-शृंगार-रस)। प्रा० स्था०—महावीरसिंह गहलौत, जोधपुर (राजस्थान)।

कवित्त-विचार, रच०—प्रसिद्ध : कविकुल-कल्पतरु के रचयिता—चिंतामणि। रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—कन्हैयालाल महापात्र, असनी : फतेह-पुर-उत्तरप्रदेश।[3]

कविंद्र-कल्पलता, रच०—कविंद्र : दूसरे (काशी), रच० सं०—१६२२ वि०। प्रा० स्था०—सरस्वती-भंडार उदयपुर (मेवाड़)।

कवि-विनोद, रच०—जैन मुनिमान। वैद्यक-ग्रंथ है। रच० सं०—अज्ञात। रस-ग्रंथ।

कवि-प्रभेद, रच०—खतरगच्छीय जैन साधु 'मान', रच० सं०—१७४६ वि०। रस-अलंकारों का वर्णन।[4]

कवि-भूषण-विनोद (संग्रह), सं०—पातीराम, प्र०—डायमंड जुबली प्रेस कानपुर, सं०—१९००। वि०।

१. इस पुस्तक में चिंतामणि-कृत 'कविकुल-कल्पतरु' की भाँति 'रीति-काव्य-शास्त्र' विधियों का वर्णन है।

२. किसी-किसी हिंदी-साहित्येतिहासकारों ने 'कवि' मातादीन को मिश्र अल्ल के बजाय 'शुक्ल' भी लिखा है।

३. खोज रिपोर्ट: ना० प्र० स० काशी, स०—१९२०-२२ ई० पृ० १९४।

४. इसका नाम 'कवि-प्रिया' भी मिलता है।

कवि-माला, रच०—कवि तुलसी, रच० सं०—१७१२ वि० । केवल-रसों का वर्णन ।

कवि-मुख-मंडल, रच०—कवि गोकुलनाथ, रच० सं०—१८३३ या १८७० वि० ।

कवि-वल्लभ, रच०—हरिचरणदास, रच० सं०—१८३५ वि० । प्रा० स्था०—रत्नाकार-संग्रह : ना० प्र० सभा, काशी । २ कविराव मोहन सिंह, उदयपुर : मेवाड़ । ३. गीता-प्रेस पुस्तकालय, गोरखपुर । नायिका-भेद, अलंकार तथा अन्य साहित्य-शास्त्रीय-विषयों का वर्णन ।

कवि-वल्लभ, रच०—वल्लभ कवि, रच० सं०—अज्ञात । प्रा० स्था०—रत्नाकर-संग्रह : ना० प्र० स०, काशी ।

कवि-विनोद, रच०—कृष्णदत्त कवि ।

कवि-विनोद, रच०—मुनि मान । प्रा० स्था०—सरस्वती-भंडार काशी : संस्कृत विश्व-विद्यालय । पु० सं०— ४६४,३४ ।

कवि-हृदय-सुधाकर, रच०—संतोषीसिंह ।

कवि-सर्वस्व, रच०—जयगोविंद बाजपेयी, रच० सं०—अज्ञात । नायिका-भेद, रस-अलंकारों का वर्णन । प्रा० स्था०—देवकीनंदनाचार्य-पुस्तकालय, कामवनः भरतपुर-राज्य ।

का

कांता-भूषण, रच०—रत्नेश कवि, रच० सं०—१८७१ वि० । प्रा० स्था०—पं० शिवलाल वाजपेयी असनी : फतेहपुर ।[१]

काम-कुतूहल, रच०—ईश्वर कवि, धौलपुर (राजस्थान) ।

काम-विलास, रच०—रघुनाथ, रच० सं०—अज्ञात । प्रा० स्था०—सरस्वती भंडार : काशी-संस्कृत विश्वविद्यालय, पुसं०—४६२,८५ ।

काव्य-कंदब, रच०—दिनेश कवि टिकारी-राज्य, रच० सं०—१६५० वि० ।

काव्य-कलाधर, रच०—रघुनाथ बंदीजन, रच० सं०—१८०२ वि० । प्रा० स्था०—गंगाचरण भट्ट, परसहट्टा, पो०—मैगलगंज, सीतापुर, (अवध) । २. पं० त्रिभुवननाथ अवस्थी, कोटरा : सीतापुर-अवध । ३. ठा०—नरेशसिंह, मज्जूपुर, पो०—महमूदाबाद—सीतापुर-अवध । ४. बलरामपुर-राज्य-पुस्तकालय, बलरामपुर-अवध । ५. भिनगा-राज्य-पुस्तकालय, भिनगा-अवध ।

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२०-२२ ई०, पृ० ४२१ ।

६. मिश्र-बंधु, गोलागंज, लखनऊ। ७. हिंदी-साहित्य-संमेलन पुस्तकालय, प्रयाग। पृ० सं०—२००।[1] नायिका-भेद, भाव और रसों का वर्णन।

काव्य-कला-निधि, रच०—गुमान मिश्र, रच० सं०—१८०५ वि०।

काव्य-कल्पद्रुम, रच०—सेनापति वृंदावनवासी, रच० सं०—१६८०।[2]

काव्य-कल्पद्रुम, रच०—कवि श्रीपति—प्रयागपुर, जिला बहराइच, रच० सं०—१७०० वि०।

काव्य-कल्पद्रुम, रच०—विश्वनाथसिंह, सुलतापुर, रच० सं०—१९४८ वि०।

काव्य-कुतूहल, रच०—चित्रशाल, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—कविराज मोहनसिंह, उदयपुर, मेवाड़। रस तथा पिंगल-वर्णन।

काव्य-कुतूहल, रच०—हरदेव कवि, रच० सं०—१७२६ वि०।

काव्य-पीयूष-रत्नाकर, रच०—जगन्नाथ भट्ट—तिघरा, गोकुल (ब्रज) बासी, उपनाम-'सुखसिंधु', रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था—ला० घुर्रीमल मोदी, गोकुल, मथुरा। आठ-तरंगों में विभक्त-नायिका-भेद वर्णन।[3]

काव्य-प्रकाश, रच०—चिंतामणि त्रिपाठी, प्रसिद्ध रच० सं०—१७२९ वि०।

काव्य-प्रकाश, रच०—अज्ञात, प्रा० स्था०—ना० प्र० सभा, काशी। नायिका-भेद तथा संचारी भावों का ४२ दोहों में वर्णन।

काव्य-प्रकाश, रच०—महाराज विश्वनाथसिंह रीवाँ, रच० सं०—१८९१ वि०। प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय : रीवाँ—बघेलखंड।

काव्य-प्रभाकर, रच०—रामराज (रामराव-राजा), रच० सं०—अज्ञात। प्रा०-

१. खोज रिपोर्ट: ना० प्र० स० काशी, स०—१९०९ ई० पृ० ३२८। स०—१९२३-२५, पृ० ११७१। स०—१९२६-२८ ई०, पृ० ५३४। मि०बं० वि० २, पृ० ६५३-५४। रघुनाथ वंदीजन का 'काव्य कलाधर' ग्रंथ के अतिरिक्त एक सुंदर नायिका-भेद का ग्रंथ "जगत-मोहन" भी देखने में आया है, जिसमें भगवान श्रीकृष्णचंद्र की संपूर्ण दिनचर्या का वर्णन बड़े विशद रूप में किया गया है।

२. यह ग्रंथ बैजनाथ कुर्मी की टीका-सहित नवलकिशोर प्रेस लखनऊ से स०—१८८० ई० में छप चुका है।

३. इस ग्रंथ में कवि ने लिखा है—"इति श्रीमत्तैलंग कुलोद्भव श्री गोकुलस्थ चिप्रहोपाह्न श्री व्रजनाथस्य कनिष्ठात्मज जगन्नाथ—"सुखसिंधु" विरचिते 'काव्य-पीयूष-रत्नाकरे' भाव, विभाव, सात्विक-भाव, संचारी-भाव, स्थायी-भाव, नव रस के स्वामी, रंग-वर्णनोनाम अष्टम-तरंग:"। अत: विषय स्पष्ट है।

स्था०—राजा श्रीप्रकाशसिंह, मल्लापुर : अवध। २. पं० कृष्णबिहारी मिश्र, सिधौली-सीतापुर : अवध। ३. हिं० सा० संमेलन, प्रयाग।[1]

काव्य-प्रभाकर, रच०—धनीराम बंदीजन, रच० स—१८८८ वि०।

काव्य-मंजरी, रच०—पदुमनदास (प्रद्युम्नदास) रच० सं०—१७३९ या ४१ वि०। प्रा० स्था०—मन्नूलाल पुस्तकालय, गया : बिहार, पु० सं०—'क' १५। रस-अलंकार वर्णन।[2]

काव्य-रत्नाकर, रच०—रणधीरसिंह—सिंगरामऊ (जौनपुर) के राजा, रच० स०—१८४० ई०। प्रा० स्था०—महेंद्र पुस्तकालय, ओरछा (टीकमगढ़)।

काव्य-रस, रच०—राजा जयसिंह, रच० सं०—१८०२ वि०। प्रा० स्था०—पं० हरिकृष्ण वैद्य, दीग : भरतपुर-मथुरा। नायिका-भेद के साथ अलंकारों का वर्णन।

काव्य-रसकलस, रच०—जवाहिरलाल पन्ना-निवासी, रच० सं०—अज्ञात।

काव्य-रसायन, रच०—देव कवि (प्रसिद्ध), रच० सं०—१६६१ वि०। प्रा० स्था०—हिंदी-साहित्य-संमेलन पुस्तकालय, प्रयाग। २. मुं० ब्रजबहादुरलाल, प्रतापगढ़ : अवध। ३. पं० कन्हैयालाल महापात्र, असनी : फतेहपुर (उत्तर-प्रदेश)। ४. बा० मैथलीशरण गुप्त (राष्ट्र-कवि) चिरगाँव : झाँसी। ५. सवाई महेंद्र-पुस्तकालय, ओरछा-टीकमगढ़। ६ पं० विपिन विहारी मिश्र, गँधौली : सीतापुर-अवध। शब्दार्थ-वृत्ति, अभिधा-लक्षणा, रूढ़ि-प्रयोजना, व्यंग्य और नव रसों का वर्णन। इसका 'काकु-रसायन' नाम भी मिलता है।[3]

काव्य-लता, रच०—सत्यनारायण कवि, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—हिंदी-साहित्य-संमेलन-पुस्तकालय, प्रयाग।

काव्य-विनोद, रच०—मुरलीधर, रच० सं०—१७७० वि०।

काव्य-विनोद, रच०—प्रताप साहि, रच० सं०—१८८८ वि०।

काव्य-विभूषण, रच०—समनेश कवि कायस्थ-रीवाँ (बघेलखंड), रच० सं०—१८८१ वि०। प्रा० स्था०—गंगाप्रसाद वक्सी उपरहटी : रीवाँ, विंध्यप्रदेश।

काव्य-विलास, रच०—प्रताप साहि, रच० सं०—१८८६ या १८८८ वि०।

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स० काशी, स०—१९२६-२८ ई०, पृ० ५७१। मि० बं० वि० २, पृ०—९३९।

२. यह लक्ष्मी-वेंकटेश्वर प्रेस बंबई से स०—१८९७ ई० में छप चुकी है।

३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स० काशी, स०—१९२०-२२ ई०, पृ० २०९, स०—१९२३-२५, पृ० ४५७ तथा स०—१९२६-२८, पृ० २१८।

प्रा० स्था०—रत्नाकर संग्रह : ना० प्र० स०, काशी। २, पं० जनार्दन जी, खेले का बाजार, लखनऊ। ३. ला० कन्नोमल गौरया कलाँ, पो०—फतेहपुर : उन्नाव। ४, पं० रघुवरदयाल मिश्र, इटावा। ५, पं० कृष्ण विहारी मिश्र, सिधौली : सीतापुर-अवध। ६, पं० रघुवरदयाल, अध्यापक—मिडिल स्कूल, कबीर चौरा, काशी।[1]

काव्य-विवेक, रच०—कवि चिंतामणि त्रिपाठी (प्रसिद्ध), रच० सं०—१७२९ वि०।[2]

काव्य-शिरोमणि, रच०—कवि भावन पाठक मुरावाँ, रच० सं०—१८९३ वि०।[3]

काव्य शिरोमणि, रच०—कवि कुंदनलाल आगरा, रच० सं०—अज्ञात। इसे "काव्य-कल्पद्रुम" भी कहते हैं।

काव्य-संग्रह, सं०—अज्ञात। विविध कवियों-द्वारा रचित नायिका-भेद संबंधी रचनाओं का संग्रह। प्रा० स्था०—ला० टुंडाराम वैश्य, बरसाना, मथुरा।

काव्य-सरोज, रच०—कवि श्रीपति बहराइच, रच० सं०—१७७७ वि०। प्रा० स्था०—पं० जुगलकिशोर मिश्र, गँधौली, सीतापुर, अवध। २ पं० चुन्नी लाल वैद्य, ढुंढपाणि, काशी। ३. प० कृष्ण बिहारी मिश्र, गँधौली, सीतापुर, अवध। ४. ठा० बीर सिंह भुदरा, सीतापुर-अवध। ५. राज्य-पुस्तकालय, भिनगा।[4]

काव्य-सिद्धांत, रच०—सुरत मिश्र (प्रसिद्ध), रच० सं०—१७८५ वि०। काव्य-रीति और नायिका-भेद वर्णन। प्रा० स्था०—सरस्वती-भंडार, उदयपुर, मेवाड़। २. कविराव मोहनसिंह, उदयपुर, मेवाड़। ३. सवाई महेंद्र-पुस्तकालय, ओरछा (टीकमगढ़)।

काव्य-सुधाकर, रच०—श्रीपति कवि, रच० सं०—अज्ञात, प्रस्तुत-पुस्तक सं०—१७९७ वि० की लिखी। प्रा० स्था०—हिंदी साहित्य संमेलन पुस्तकालय, प्रयाग।

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ९२०। श्री प्रतापसाहि जी की इस रचना के "काव्य-विनोद, काव्य-कला, काव्य-कला-विलास" नाम भी मिलते हैं।
२. मि० बं० वि०—२, पृ० ४०९।
३. मि० बं० वि०—३, पृ० ९५३-१०६७। इसका नाम 'काव्य-कल्पद्रुम' भी मिलता है।
४. खोज रिपोर्ट: ना० प्र० स० काशी, स०—१९०९-११ ई० तथा स० १९२३-२४ प० ४१०-११।१३८६। मि० बं० वि०—२, पृ० ५७८।

काव्य-सुधाकर, रच०—जानकीप्रसाद : कनक-भवन-अयोध्या के महंत। रच०-सं०—अज्ञात।[1]

काव्योदय, रच०—कवि लीलाधर भट्ट, रच० सं०—१८७४ वि०। प्रा० स्था०—हिंदी-साहित्य-संमेलन-पुस्तकालय, प्रयाग।

किशोर : संग्रह, रच०—युगल किशोर बंदीजन। दिल्ली, (मुहम्मदशाह सं०—१७६६-१८०५ वि० के दरबारी कवि), रच० सं०—१७०० का अंत।

की

कीर्ति-लतिका, रच०—हुलासी कवि हमीदनगर, गोह (गया) वासी। रच० सं०—१९४८ वि०।

कु

कुँवर-विलास, रच०—नरहरि:महापात्र (प्रसिद्ध) के वंसज—रामकुँवर वंदीजन-शिवपुर काशी। रच० सं०—१९४८ वि०।

कुशल-विलास, रच०—कवि देव (प्रसिद्ध), रच० सं०—१७८३ वि० के आस-पास। प्रा० स्था०—ब्रजराज-पुस्तकालय, गँधौली: सीतापुर-अवध। २. हिंदी ऐकेडमी, प्रयाग। नौ-विलासों में विभक्त—"शृंगार-रसोत्पत्ति, उसके विविध अंग—विभाव, अनुभाव, संचारी-भाव, नायक-नायिकाओं का वर्णन।[2]

के

केलि-कल्लोल, रच०—मोहन कवि, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—अनूप संस्कृत-पुस्तकालय-बीकानेर-राज्य, राजस्थान।[3]

केसर-सभा-विनोद, रच०—गदाधर भट्ट, दतिया : मध्यप्रदेश (पद्माकर-वंशज), रच० सं०—१९३९ वि०।[4]

केसरी-प्रकाश, रच०—चंदन कवि, नाहत : पबायाँ—शाहजहाँपुर वाले, रच०—

१. यह ग्रंथ अहमदाबाद-गुजरात में सं०—१८६६ वि० में यूनाइट प्रेस से लीथो टाइप में छपा है। विषय-शृंगार-रस वर्णन। आपके "कवित्त-संग्रह", "फुटकर-कवित्त" (संग्रह) ग्रंथ भी मिलते हैं।

२. "देव और उनकी कविता"—डा० नगेंद्र, पृ० ५१।

३. मि० बं० वि०—३, पृ० १०७५।

४. मि० बं० वि०—३, पृ० १०६९ तथा ११२५।

सं०—१८३० वि०। कोई-कोई आपका यह ग्रंथ सं०—१८१७ वि० में रचा भी मानते हैं। प्रा० स्था०—सेठजीदयाल तालुकदार, कटरा, सीतापुर, अवध।[१]

केसौ-सागर, रच०—कवि केसौराय, मथुरा, रच० सं०—१७५० वि०। प्रा० स्था०—ला० बलदेवदास वैश्य, गली रावलिया, मथुरा।

कृ

कृष्ण-कल्लोल, रच०—मान कवि, हरिहरापुरा (बहराइच) के राजा रूपसिंह के आश्रित, रच० सं०—१६६० वि० के आसपास।

कृष्ण-चंद्रिका, (कृष्ण लीला) रच०—गुमान मिश्र, रच० सं०—१८३८ वि०।[२]

कृष्ण-चंद्रिका, रच०—वीर कवि, रच० सं०—१७७६ वि०।[३]

कृष्ण-चंद्रिका, रच०—मधुकर, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—हिं० सा० संमेलन-पुस्तकालय, प्रयाग।

कृष्ण-चंद्रिका, रच०—रामप्रसाद कायस्थ, रच० सं०—१७७९ वि०। प्रा० स्था०—रमणलाल हरीचंद्र चौधरी, कोसी-कलाँ, मथुरा।[४]

कृष्ण-चंद्रिका, रच०—शंकरलाल कवि, रच० सं०—१९२४ वि०।[५]

कृष्ण-विनोद, रच०—कृष्णलाल, बूँदी, राजस्थान, रच० सं०—१८७२ वि०।[६]

कृष्ण-विनोद, रच०—परमेश बंदीजन, रच० सं०—१९२५ वि०।[७]

कृष्ण-विनोद, रच०—कवि लच्छीराम, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—ब्रजभूषणलाल होलीपुर, पो०—हैदरगंज, बाराबंकी।[८]

कृष्ण-विनोद, रच०—विनोदीलाल कवि, रच० सं—१८६९ वि०।[९]

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९१२ ई०, पृ० ४०। मि० बं० वि० २ पृ० ७८३।
२. कविरत्न-माला, पृ० ६२।
३. मि० बं० वि०—२, पृ० ५८०।
४. मि० बं० वि०—२, पृ० ६१७।
५. मि० बं० वि०—३, पृ० ११६०।
६. कवि-रत्नमाला, पृ० ६२।
७. मि० बं० वि०—२, पृ० ८९१।
८. खोज रिपोर्ट: ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० ९३३।
९. मि० बं० वि०—२, पृ० ८८८।

कृष्ण-विलास, रच०—मानदास, रच० सं०—१८६३ वि०।[1]

कृष्ण-विलास, रच०—शिवराज महापात्र, मझौली-राज्य (गोरखपुर) के आश्रित, रच० सं०—१८०० वि०।[2]

कृष्ण-विलास, रच०—सविता दत्त—सार्दी : हरदोईवाले, रच० सं०—१७३५ वि०। प्रा० स्था०—ला० रामदयाल, नदपुरवा, पो०—नेरी सीतापुर, अवध। २. राज्य-पुस्तकालय : अमेठी-सुलतापुर अवध।[3]

को

कोक-कलानिधि, रच०—ईश्वर कवि, (धौलपुर राजस्थान), रच० सं०—अज्ञात।

ख

खट्-ऋतु-विलास, रच०—भैरों कवि-खेतड़ी : जयपुर, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—रेवतीप्रसाद शर्मा, तहसीलदार का रास्ता, जयपुर, राजस्थान।

ग

गर्जसिंह-विलास, रच०—गर्जसिंह, रच० सं०—१७८० वि० वा सं०—१८०८ वि०।[4]

गु

गुण निधि-सागर, रच०—गणेश कवि, रच० सं०—१८८२ वि०।

गुण-सागर, रच०—ताहर, रच० सं०—अज्ञात।

गुलाल-चंद्रोदय, रच०—गुमान मिश्र, रच० सं०—१८२० वि०। प्रा० स्था०—राजा श्रीप्रकाश सिंह मल्लापुर, सीतापुर, अवध। २. पं० विपिन विहारी मिश्र, गँधौली, सीतापुर, अवध। ३. आनंद-भवन पुस्तकालय, बिसवाँ, सीतापुर-अवध।[5]

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ८६०।
२. मि० बं० वि०—३, पृ० ११६०।
३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० १३६६।
४. मि० बं० वि०—३, पृ० ७०४।
५. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२३-२५ ई० तथा स०—१९२६-२८ ई०, पृ० ५९३ और २७६। मि० बं० वि०—२, पृ० ६७४।

गो

गोपीश्वर-विनोद, रच०—गोपीश्वर सिंह, रच० सं०—अज्ञात।[1]

गोपीश्वर-विनोद, रच०—शिवप्रसाद कवीश्वर, रच० सं०—अज्ञात।[2]

गोविंद-चंद्रिका, रच०—इच्छाराम, रच० सं०—१८२० वि०। प्रा० स्था०—सरस्वती भंडार, रीवाँ-राज्य विंध्य प्रदेश।[3]

गोविंद-विनोद, रच०—गोविंद कवि, रच० सं०—अज्ञात। प्रा०स्था०—बालमुकुंद चतुर्वेदी, मानिकचौक, मथुरा।

गोविंद-विलास, रच०—कृष्ण कवि, रच० सं०—१८४३ वि०।[4]

गोविंद-विलास, रच०—हरिविलास खत्री लखनऊ, रच० सं०—अज्ञात।

गोविंद-सुखद-विहार, रच०—गोकुलनाथ, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—ला० घुर्रीमल मोदी, गोकुल, मथुरा।

गोविंदानंदघन, रच०—गोविंद कवि, जसं०—१८५४ वि०, रच० सं०—१८८५ वि०। प्रा० स्था०—ला० विहारी दास वैश्य, लोई बाजार, वृंदावन, मथुरा।[5]

च

चंद्र-प्रकाश, रच०—चंद्र कवि सनाढ्य; रच० सं०—१८३० वि०।

चंदन-प्रकाश : हजारा, संक०—पं० जगदीश।

चतुर-रसाल, रच०—चतुरदान, रच० सं०—१८९० वि० के आस-पास।

चर-नायिका, रच०—कवि देवमणि, रच० सं०—अज्ञात।

चि

चित्र-चंद्रिका, रच०—सरदार कवि, काशी-नरेश महाराज ईश्वरी नारायण सिंह के आश्रित, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—सरस्वती-भंडार, रामनगर, काशी। चित्र-काव्य में नायिका-भेद वर्णन।[6]

१. यह 'दरभंगा-विहार' से स०—८८१८ ई० में प्रकाशित हुआ है।

२. यह पुस्तक काशी के 'बनारस लायट' प्रेस सं० १९४५ वि० में छप चुकी है।

३. ना० प्र० पत्रिका, काशी, सं०—२००९ वि०, व० ५७, अं० १।

४. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९१२-१४ ई०, पृ० ९४। मि० बं० वि०—२, पृ० ८४९ तथा ८७७।

५. ना०प्र०स०, काशी का 'हिं० सा० का बृहद् इतिहास' (षष्ठ खंड), पृ० १७८।

६. यह पुस्तक 'नवलकिशोर' प्रेस, लखनऊ से स०—१८७५ ई० में प्रकाशित हो चुकी है।

चित्र-चंद्रिका, रच०—बलवान कवि, रच० सं०—१८८४ वि० ।

चित्र-विलास, रच०—अमृत कवि ।

छ

छंद-शृंगार, रच०—सिंह कवि, रच० सं०—१८५३ वि०, मेड़ता (रा० पू०) के ब्राह्मण ।

छत्र-विलास, रच०—महाराज छत्रशाल।

ज

जगत-प्रकाश, रच०—राजा जगत सिंह भिनगा (बहराइच), रच० सं०—१८६५ वि० । प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय भिनगा-बहराइच ।

जगत-विनोद, रच०—पद्माकर भट्ट (प्रसिद्ध), रच० सं०—१८६७ वि० । प्रा० स्था०—पं० मवासी लाल शर्मा, अछनेरा, आगरा । २. राज्य-पुस्तकालय, अमेठी, अवध । ३. महंत राम विहारीशरण, कामद-कुंज, अयोध्या । ४. पं० अमृत लाल, मुह०—पीपलवाला, आगरा । ५. सरस्वती-भंडार-राज्य, उदयपुर : मेवाड़—तीन प्रतियाँ, पु० सं०—२७७,४८७ तथा ८३७ सं०—१८७५, १८४३ तथा १९३१ वि० ।[1] ६. सरस्वती-भंडार—काँकरौली : मेवाड़, बंसं०—६५ पु० सं०—२ । ७. याज्ञिक-संग्रहालय: 'ना०प्र०स० काशी । ८. कन्हैयालाल महापात्र, असनी, फतेहपुर (उ० प्र०) ।[2] ९. मन्नूलाल-पुस्तकालय, गया, विहार सं०—१९२२ वि० की प्रति । १०. गीता-प्रेस-गोरखपुर, पु० सं०—४७० । ११. रामनाथ लाल 'सुमन' काशी । १२. आयुर्वेद-सोसायिटी-पुस्तकालय जामनगर, सौराष्ट्र, पु० सं०—५८, सं०—१९३४ वि० की प्रति । १३. राज्य-पुस्तकालय—परसेनी, सीतापुर (अवध) ।[3]

१. राजस्थान: खोज-रिपोर्ट, भाग—२, में 'जगत-विनोद' की—बारह प्रतियों का उल्लेख मिलता है, पर विवरण एक प्रति का ही दिया गया है (परिशिष्ट-"ख") ।

२. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२० ई०, पृ० ३३९ ।

३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० स०, काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० १११६ । यह अनेक स्थानों से छप कर प्रकाशित भी हुआ है, जैसे—"मुंबै उल् उलूम प्रेस, स०—१८८६ ई० तथा लोक-साहित्य प्रेस, मथुरा । भारत जीवन प्रेस, काशी, स०—१९०२ ई० सीताराम प्रेस, काशी, सं० १९९२ वि० । बनारस—

१४. भंडारकर इन्सटीट्यूट पूना, (महाराष्ट्र), पु० सं०—७४८। १५. संमेलन-पुस्तकालय, प्रयाग, उ० प्र०। १६. राज्य-पुस्तकालय, भिनगा, अवध। १७. सरस्वती-भंडार, भींड़र-राज्य, मेवाड़, सं०—१९०७ वि० की प्रति। १८. माणिक्य-ग्रंथ-भंडार, भींड़र-राज्य, (मेवाड़), सं०—१९२७ वि० की प्रति। १९ ठा० हरीहर बक्स सिंह, ममरेजापुर, पो०—बेनीगंज हरदोई। २०. जटाशंकर-कानजी भाई शास्त्री-पुस्तकालय, राजकोट, (सौराष्ट्र) पु० सं०—९६। २१. बा० नारायण दयाल, रायबरेली। २२. राजकवि अंबिकेश, उपरहटी—रीवाँ, विंध्य-प्रदेश, सं०—१८८१ वि० की प्रति। २३. राज्य-पुस्तकालय, जयपुर, राजस्थान।

जगत-रस-रंजन, रच०—कवि जगदीश, रच० सं०—१८६२ वि०। प्रा०-स्था०—रामकृष्ण लालाजी, गोकुल, मथुरा।[1]

जगत-विलास, रच०—म० रा० जगत सिंह राणा, उदयपुर, रच० सं०—१६८५ वि० के आस-पास। प्रा० स्था०—सरस्वती-भंडार, उदयपुर, मेवाड़।[2]

जगत-विलास, रच०—राजा जगत सिंह भिनगा, रच० सं०—१८६४ वि० के आस-पास। प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय, भिनगा, (बहराइच)।

जग-मोहन, रच०—रघुनाथ बंदीजन, रच० सं०—१८०२ वि०। प्रा० स्था०—बलरामपुर-राज्य-पुस्तकालय, बलरामपुर, अवध।[3] नायक-नायिका की दिनचर्या का वर्णन।

जनार्दन-विनोद, रच०—जनार्दन कविराय, रच० सं०—अज्ञात।[4]

लायट प्रेस, काशी स०—१८८५ ई०। ६. वेंकटेश्वर प्रेस, बंबई स०—१९५६ वि०। ७. नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, स०—१८७९ ई०। ८. लखनऊ, प्रिंटिंग प्रेस, लखनऊ, स०—१८९५ ई०। ९. इलाही प्रेस, आगरा। १०. नूर महम्मद प्रेस, (लीथो), जयपुर (राजस्थान), स०—१८९० ई० इत्यादि...।

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९१२-१४ ई०, पृ०११० तथा मि० बं० वि०—२, पृ० ८८१।

२. मि० बं० वि०—२, पृ० ४२०।

३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी, स०—१९०९ ई०, पृ० ३२८ तथा मि० बं० वि०—२, पृ० ६५३।

४. यह पुस्तक मथुरा-प्रेस, मथुरा स०—१८८५ ई० में छपी है।

जय-चंद्रिका, रच०—द्विज प्रहलाद (छत्तीसगढ़), रच० सं०—१८३० वि०।
जय-प्रकाश-सर्वस्व, रच०—जयप्रकाश लाल।
जयदेव-विलास, रच०—महाराणा जयसिंह, उदयपुर, मेवाड़, रच० सं०—१६८१ वि०।
जयसिंह-प्रकाश, रच०—राजा प्रताप साहि, जयपुर-नरेश, रच० सं०—१८५२ वि०।[1] प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय, जयपुर, राजस्थान।
जसवंत-उदोत, रच०—दलपति मिश्र माथुर ब्राह्मण, रच० सं०—१७५० वि०। प्रा० स्था०—अनूप-संस्कृत-पुस्तकालय, बीकानेर-राज्य, राजस्थान।[2]
जसवंत-विलास, रच०—निधान कवि, रच० सं०—१६७४ वि०। प्रा० स्था०—जयदयाल तालुकदार, कटरा, सीतापुर, अवध।[3] (रस और अलंकार ग्रंथ)।
जसवंत-विलास, रच०—नारायण कवि, रच० सं०—अज्ञात[4]। प्रा० स्था०—हनुमान पुस्तकालय. सलकिया हबड़ा, कलकत्ता।
जसवंत-विलास, रच०—जसवंत सिंह बुंदेला, रच० सं०—अज्ञात।[5]
जवाहर-रत्नाकर, रच०—जवाहर बंदीजन : विलग्रामी, रच० सं०—१८८६ वि०।[6]

जा

जागेश्वर-विलास, रच०—हीरालाल कायस्थ : विजावर, छत्रपुर, (म० प्र०), रच० सं०—अज्ञात।[7]
जाति-विलास, रच०—देव कवि (प्रसिद्ध), रच० सं०—१७८० वि० के आस-पास। प्रा० स्था०—राजा ललिता बक्स सिंह, नीलगाँव, सीतापुर, अवध[8]। २. पं० श्यामविहारी मिश्र, गोलागंज, लखनऊ। ३. पं० अंबिका प्रसाद व्यास, गणेशगंज, लखनऊ। ४, मल्लापुर-राज्य-पुस्तकालय।[9] ५, पं० गोकुलचंद

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ९२२।
२. खोज रिपोर्ट : राजस्थान—२। पृ० १५०।
३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी, स०—१९१२ ई०, पृ० १५४।
४. यह पुस्तक काशी में छपी है।
५. मि० बं० वि०—२, पृ० ७७०।
६. मि० बं० वि०—२, पृ० ८२८।
७. मि० बं० वि०—३, पृ० १२२६।
८. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० ४५१।
९. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९२६-२८ ई०, पृ० २१८।

दीक्षित, लखनऊ। श्री देव कवि-विरचित यह ग्रंथ उनकी देश-व्यापी यात्रा का मधुर फल है। जहाँ-जहाँ वे गये वहाँ-वहाँ का उन्होंने स्त्री-सौंदर्य भली-भाँति निरखा-परखा। उसे आपने जाति (वर्ण-व्यवस्था), वास और देशों के क्रम से नायिका-भेद में परिणत किया तथा (उसे) 'जाति-विलास' नामक ग्रंथ की संज्ञा दी। अष्टांगवती-नायिका का भी इसमें वर्णन है।[१]

जु

जुक्ति-तरंगिणी, रच०—कुलपति मिश्र, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—हिंदी-साहित्य-संमेलन-पुस्तकालय, प्रयाग।

जुगल-किशोर-विलास, रच०—गोकुल नाथ, रच० सं०—अज्ञात।

जुगल-प्रकाश, रच०—उजियारे कवि, रच० सं०—१८३७ वि०। प्रा० स्था०—याज्ञिक-संग्रहालय : ना० प्र० स०, काशी।[२]

जुगल-रस-प्रकाश, रच०—उजियारे कवि, रच० सं०—१८३७ वि०। हाथरस के जुगल किशोर दीवान के लिये रचित।

जुगल-विलास, रच०—रामसिंह नरबर-नरेश, रच० सं०—१८२६ वि०। प्रा० स्था०—याज्ञिक-संग्रहालय : ना० प्र० स०, काशी, सं०—१८३६ की प्रति। २. पं० गौरीशंकर मिश्र, अगड़ाल, पो०–रीवाँ : विंध्य-प्रदेश, सं०—१८३६ की प्रति। ३. सरस्वती-भंडार, उदयपुर, मेवाड़, पु० सं०-२३०, सं०—१८५० की प्रति।[४] बा० ब्रजरत्न दास, बी० ए०, काशी, सं०–१८७४ की प्रति।

जै

जैसिंह-कल्पद्रुम, रच०—सवाई जयसिंह, आमेर—जयपुर-नरेश, रच० सं—१७९० वि०।[३]

जो

जोग-दर्पन-सार, रच०—अकबर खाँ, रच० सं०—अज्ञात। श्रृंगार रस के द्वितीय पक्ष—"विप्रलंभ" का सरस वर्णन।

१. "देव और उनकी कविता", डा० नगेंद्र, पृ० ५३। हिं० सा० का बृ० इति० : ना० प्र० सभा काशी, पृ० १७७।

२. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी, स०—१९३२-३४ ई०, पृ० ३५९।

३. मि० बं० वि०—२, पृ० ५६४।

जोराबर-प्रकाश, रच—सूरत मिश्र, रसं०—अज्ञात।[1] प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय, भरतपुर, राजस्थान।

ट

टीकैतराय-प्रकाश, रच०—बेनी कवि, रच० सं०—अज्ञात।

ठ

ठाकुर : सतक, रच०—ठाकुर कवि, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—ठा० जगदेव सिंह, कामद-कुंज, अयोध्या, संग्रह-ग्रंथ।[2]

ढ

ढेकी-चरित्र, रच०—कवि शिवप्रसाद, रच० सं०—१९०० वि०। प्रा० स्था०—राज्यपुस्तकालय, प्रतापगढ़ : अवध।[3]

त

तखत-विलास, रच०—शिवदास दधीच, रच० सं०—१८९९ वि०। प्रा०-स्था०—राव मोहनसिंह, उदयपुर : मेवाड़।[4]

ति

तिलक-बिंदु-विनोद, रच०—कवि पजनेश, रच० सं०—अज्ञात।

ते

तेरिज : रस-सारांश, रच०—भिखारी दास 'प्रसिद्ध', रच०सं०—१७९१ वि०। प्रा०-स्था०—महाराज-पुस्तकालय, प्रतापगढ़—अवध, सं०—१९१४ की प्रति।[5]

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ५५३।
२. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९२०-२२ ई०, पृ० ४६१।
३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९१७-१९ ई०, पृ० ३४८।
४. मि० बं० वि०—३, पृ० १०७४। रा० खो० रि०—३, १३०।
५. यह पुस्तक अभी-अभी "ना० प्र० सभा काशी" से सं० २०१३ वि० में 'भिखारीदास-ग्रंथावली' में प्रकाशित हो चुकी है। श्री भिखारीदास का यह ग्रंथ कोई पृथक् ग्रंथ नहीं है, उनके 'रस-सारांश' का ही बिना उदाहरण के केवल लक्षण-संयुक्त ग्रंथ है।

त्र

त्रिया-विनोद, रच०—मुरली कवि मेवाड़ी, रच० सं०—१७६३ वि०। प्राप्त-प्रति सं०—१८०० वि०। प्रा०स्था०—सरस्वती-भंडार उदयपुर : मेवाड़, पु०-सं०—४२९, ९४३—दो प्रतियाँ।

त्री

त्रीकम-प्रकाश, रच०—प्रभुराम डाँगध्रा : कठियावाड़, (सौराष्ट्र), रच० सं०—१९०० वि०।[1]

द

दंपति-द्युति-भूषण, रच०—जानी विहारी लाल औदीच्य मथुरा, रच० सं०—अज्ञात, प्राप्त-प्रति-१९२० वि०। प्रा० स्था०—पं० श्रीवर चतुर्वेदी, मथुरा।

दंपति-ध्यान-मंजरी, रच०—विहारी लाल—ओरछा मध्यप्रदेश, रच० सं०—१८१० वि०।[2]

दंपति-रंग, रच०—कवि लच्छीराम (प्रसिद्ध प्राचीन), रच० सं०—अज्ञात, प्राप्त-प्रति १७०९ वि०। प्रा० स्था०—अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर (राजस्थान)।[3] २. नाहटा—पुस्तकालय, बीकानेर (राजस्थान,) गुटका नं०—१०।

दंपति-वाक्य-विलास, रच०—गोपालराय बंदीजन, रच० सं०—१८८५ वि०। इसका नाम—'दंपति-काव्य-विलास' भी मिलता है।[4] प्रा० स्था०—राज्य पुस्तकालय, रीवाँ (मध्य-भारत)।

दंपति-विनोद, रच०—कवि विश्वपाल, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—हिं०-सा० संमेलन पुस्तकालय, प्रयाग, पु० सं०—९२।

दंपति-विनोद, रच०—अज्ञात, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—अनूप-संस्कृत-पुस्तकालय, बीकानेर—राजस्थान। पु० सं०–२०७–२०६, २१०, तीन प्रतियाँ।

१. मि० बं० वि०—३, पृ० ११३२।
२. मि० बं० वि०—२, पृ० ७०७।
३. रा० स्था० खो० रि०—२, पृ० १५७।
४. मि० बं० वि०—२, पृ०—४९९,-८२६ तथा ३, पृ०—१०८४। यह पुस्तक बंबई के 'वेंकटेश्वर प्रेस' से सं० १९६८ वि० में प्रकाशित हो चुकी है।

दंपति-विलास, रच०—बलवीर कवि, रच० सं०—१७५९ वि०। प्रा० स्था०—सुखानंद बाजपेयी, कुट्टवा नगर, सीतापुर—अवध।[1]

दंपति-विलास, रच०—इंद्रभान ।

दंपति-विलास, रच०—ललित लड़ैती ।

दक्षिण-विलास, रच०—दक्षिण कवि, काव्य-प्रयुक्तनाम—'दच्छिन' या 'दच्छन', शुद्ध-नाम—'अहमदुल्लाह', रच० सं०—१७७३ वि०। प्रा० स्था०—पब्लिक-पुस्तकालय, भरतपुर राज्य।[2]

दया-विलास, रच०—दयाराम, रच० सं०—अज्ञात । प्रा० स्था०—प्रयाग-संग्रहालय प्रयाग, सं०—१८७२ वि० की प्रति, पृ० सं०—१८६, ४०।[3]

दलसिंहानंद-प्रकाश, रच०—कवि दलसिंह, उप ना०—दास, रच० सं०-१८९० वि०, प्रा० प्र० सं०-१९१० वि० की।[4]

दलेल-प्रकाश, रच०—कवि थानेराम, उप ना०—'थानकवि', रच० सं०—१८४८, १८८६ वि०, लिका० सं०—१९४६ वि०। प्रा० स्था०—पं० कृष्ण बिहारी मिश्र, सिधौली, सीतापुर—अवध। इस प्रति में रच० सं०—१८४८ वि० लिखा है।[5] २. पं० जुगलकिशोर मिश्र, गंधौली, सीतापुर—अवध।[6]

दि

दिग्विजय-भूषण, रच०—गोकुल कवि कायस्थ, उपना०—"ब्रज", रच० सं०—१९-१९ वि०। प्रा० स्थ०—बलरामपुर : राज्य-पुस्तकालय।[7]

दिग्विजय-विनोद, रच०—ललिताप्रसाद त्रिवेदी, उप ना०—ललित, रच० सं०-१९३० वि०।[8]

१. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९२३-२५ ई०, पृ० २५५। हिं० सा० का बृ० इतिहास (ना० प्र० स०, काशी), पृ० १७७।
२. मि० बं० वि०—२, पृ० ६०६, ६१६।
३. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा, काशी, स०—१९१७-१९ ई०, पृ० ७०।
४. मि० बं० वि०—३, पृ० १०५५।
५. ना० प्र० पत्रिका : काशी, वर्ष—५५, अंक—३, सं०—२००७ तथा खोज-रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी, स०—१९२६-२८ ई०, पृ० ७१२।
६. खोज रिपोर्ट : ना० प्र० सभा काशी, स०—१९०९ ई०, पृ० ४२६।
७. यह पुस्तक "अवध-साहित्य मंदिर" बलरामपुर" से प्रकाशित हो गयी है।
८. मि० बं० वि०—३, पृ०—१२०५।

दिलाराम-विलास, रच०—दौलतराम, रच० सं०—१७६८ वि०। प्रा० स्था०—जैन-ग्रंथ-भंडार : आमेर-जयपुर राजस्थान।

दिलीप-रंजन, रच०—उत्तमचंद, रच० सं०—१७६०।[1]

दी

दीप-प्रकाश, रच०—कवि ब्रह्मदत्त, रच० सं०—१८६६ वि०।[2]

दु

दुकूल-चितावनी, रच०—लाल कवि, रच० सं०—अज्ञात। प्रा० स्था०—मुं० प्रह्लादराय, महावन मथुरा।

दुर्गसिंह-शृंगार, रच०—जनार्दन भट्ट, रच० सं०—१७३५ वि०। प्रा० स्था०—अनूप-संस्कृत-पुस्तकालय, बीकानेर—राजस्थान।

दू

दूनी-दर्पण, रच०—कवि गोकुलप्रसाद कायस्थ, उप ना०—'ब्रज', रच० सं०—१९१९ वि०।[3] प्रा० स्था०—राज्य-पुस्तकालय, बलरामपुर।

दूती-दर्पण, रच०—विहारीसिंह, रच० सं०—१७८२ वि०।

दूती-विनोद, रच०—दूलह कवि (प्रसिद्ध), रच० सं०—१८०२ वि०।

दूती-विलास, रच०—गंगाप्रसाद ब्राह्मण, उप ना०—'गंग', सपोली, सीतापुर—अवध, रच० सं०—१८९० वि०।[4]

दूलह-विनोद, रच०—दूलह कवि (प्रसिद्ध), रच० सं०—१७६० वि० के पास। प्रा० स्था०—अभय-जैन ग्रंथालय : बीकानेर—राजस्थान।

दे

देवीसिंह-विलास, रच०—देवीसिंह, चँदेरी-नरेश, रच० सं०—१७२३-वि०।[5]

१. मि० बं० वि०—२, पृ० ५६७।

२. मि० बं० वि०—२, पृ० ८५५।

३. इनका द्वितीय नाम—'गोपीनाथ' भी मिलता है।

४. मि० बं० वि०—३, पृ० १२९४।

५. मि० बं० वि०—३, पृ० ११०९।

देशाटन-विनोद, रच०—गदाधर कवि, उपना०—गजाधर, दतिया-निवासी, रच० सं०—अज्ञात, । विविध देशों की नायिकाओं का वर्णन ।[1]

दौ

दौलत.: बाग-विलास, रच०—शिव कवि, रच० सं०—१४५७ वि०।[2]

द्य

द्यानत-विलास, रच०—द्यानत कवि, रच० सं०—अज्ञात ।[3]

ध

धीर-रस-सागर, रच०—कवि मोतीराम, रच० सं०—१८२७ वि० । प्रा०स्था०—ला० दामोदर दास वैश्य कोठीवाले, लोई बाजार, वृंदावन—मथुरा ।[4]

न

नटनागर-विनोद, रच०—रतनसिंह, राजा-सीतामऊ, उपना०—नटनागर ।[5]

